improvement (SI). Under this category 110 schemes for a total loan assistance of Rs. 60.03 crores were sanctioned by the REC upto March, '79. The budget provision for the ongoing S.I. Schemes to be funded by the REC for the year 1980-81 is Rs. 17.5 crores.

**Conference of Eastern Regional Power Ministers held in Calcutta**

2146. SHRI INDRAJIT GUPTA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether a conference of Eastern Regional Power Ministers was held in Calcutta recently;

(b) whether the Union Minister also attended to Conference; and

(c) if so, what are the details of the discussion taken therein?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) Conference of the Eastern Region Power Ministers was held in Calcutta on 8-2-1981.

(b) Yes, Sir.

(c) In the above Conference, the following were discussed:—

(i) Power supply position in each State and the Region.

(ii) Progress in the Commissioning of on-going projects in the region.

(iii) Power cuts and efforts taken to minimise its impact.

(iv) Rural Electrification.

(v) Salient features of the Rajadhyaksha Committee Report on Power.

(vi) Formation of All India Service of Engineers.

**पालना तापीय बिजलीघर के निर्माण-कार्य के लिये वित्तीय मंजूरी**

2147. श्री वृद्धि चन्द्र जैन : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पालना तापीय बिजलीघर के निर्माण-कार्य के लिए वित्तीय मंजूरी दी गई है और इस बिजलीघर की अधिष्ठापित क्षमता कितनी है ;

(ख) उपरोक्त बिजलीघर का निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जायेगा; और

(ग) उपरोक्त बिजलीघर के निर्माण-कार्य पर कितनी धनराशि खर्च की जायेगी और यह निर्माण-कार्य कब तक पूरा हो जायेगा और बिजलीघर कार्य करना शुरू कर देगा ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) से (ग) । बीकानेर जिले में पालना में, लिग्नाइट पर आधारित 60–60 मेगावाट की दो यूनिटों वाले ताप विद्युत् केन्द्र की प्रतिष्ठापना के लिए स्कीम का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन कर लिया गया है तथा इस पर निवेश सम्बन्धी निर्णय की प्रतीक्षा है । परियोजना पर 6738 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है । इस परियोजना को तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान करते हुए केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण ने पालना विद्युत् परियोजना और पालना खनन परियोजना को एक साथ ही स्वीकृति की सिफारिश की है ताकि अपेक्षित समय-अवधि में लिग्नाइट की उपलब्धता सुनिश्चित हो । लिग्नाइट खनन परियोजना के लिए राज्य सरकार ने छठी योजना अवधि के दौरान किसी वित्तीय प्रावधान के लिए प्रस्ताव नहीं किया है । इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्कीम पर निवेश निर्णय इस समय स्थगित रखा गया है ।